## स्कूल का चापानल खराब, बच्चे परेशान

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नइटांड उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कनीय अभियंता पेयजल और स्वच्छता विभाग को पत्र लिखा है कि चापाकल का हेड और पाइप सब जाने के कारण खराब हो चुका है। जिसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राए को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा है कि विद्यालय में 428 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं साथ ही मध्याह्न भोजन का भी संचालन होता है। उन्होंने पेयजल और स्वच्छता विभाग से जल्द से जल्द खराब चापाकल मरम्मत करने का आग्रह किया है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप साव ने मांग किया है की चापाकल का अविलंब मरम्मत कराया जाये जिससे बच्चों को पेयजल का व्यवस्था विद्यालय प्रांगण में हो।

## मरकच्चो भाजपा प्रखंड की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित ब्लॉक चौक पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रखंड इकाई की एक बैठक शुक्रवार को की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने की। बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी बूथों की समीक्षा की गयी। साथ ही बूथ सशक्ति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रभारी के रूप में भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने के लिए अभी से कमर कसने की बात कही गयी। इस मौके पर किसान मोर्चा अध्यक्ष रामलाल यादव, शंभू सिंह, प्रयाग महतो, रवींद्र पांडे, अनुश्वर सिंह, पवन सिंह, लखन पासवान, नंदकिशोर भारती, त्रिपुरारी रजक, सोनू पांडे, अर्जुन यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसानों के साथ संकल्प शपथ सप्ताह कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो के अंतर्गत पंचायत नावाडीह 1 के पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को पंचायत के किसानों के साथ संकल्प शपथ सप्ताह कार्यक्रम मुखिया वैजंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। किसानों को कृषि से संबंधित सरकार से सहयोग संबंधित जैसे केसीसी और प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना को प्राप्त करने के लिए के वाई सी, कृषि में प्रयोग किये जाने वाले रसायनों के बुरा प्रभाव के बारे में, स्वच्छता के बारे में, स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौके पर किसानों को स्थानीय मुखिया और किसान मित्र कालेश्वर यादव, रोजगार सेवक लखपति दास के द्वारा किसानों के बीच लेमनग्रास और ड्रैगन फ्रूट का पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर उमेश प्रसाद कुशवाहा, विजय राणा, हरिहर साहू, मुकेश वर्मा, शैलेंद्र साव, सचिन वर्मा, विजय राणा, राजकुमार यादव, अजय साव, विजय साव, मेघलाल वर्मा, अनुपम हलधर, कृपा साव, सुनील वर्मा, अजय साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

## सिमरकुरहा के समीप नदी में ग्रामीणों ने देखा शव, पुलिस को दी सूचना

**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड के सिमरकुरहा गांव स्थित बरसाती पिपरा नदी में शुक्रवार शाम एक शव देखा गया हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पदमा पुलिस को दी। सूचना पाते के साथ पदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी में फंसा देखा। देर शाम होने के कारण शव नही निकाला जा सका। शनिवार को सुबह शव निकालने की बात कही गयी है। शव पुरुष का है या महिला का संसय बरकरार है। फिलहाल गांव में किसी के डूबने या लापता होने की खबर नहीं है। यहां लोगों ने आशंका जताई कि पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से नदी की धार बहुत तेज थी और यह शव कहीं अन्यंत्र जगह से आकर यहां फस गया है।

## नदी में पुल नहीं बनने से लोग परेशान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** खरकी पंचायत स्थित आदिवासी बहुल गांव दुमुहान से कुछ ही दूरी में नदी से मुख्य मार्ग गुजरी हुवी है। नदी में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीनों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों को आने-जाने के लिए एक ही मुख्य मार्ग है जो बारिश आते ही पूरी तरह बंद हो जाती है। बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण अपनी जान को जोखिम में डालकर बच्चों के हाथ पकड़कर या कंधे में उठाकर नदी के इस पार से उस पार करते हैं। जिसे काफी डर की भावना बनी रहती है। इसकी जानकारी खरकी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन ने देते हुए कहा है कि नदी के उस पार दुमुहान बस्ती स्थित है जो की नदी के उस पार लम्बकीटांड़, पत्थल छिलवा, ढोठवा, नागी, बनासो बिष्णुगढ़ तक जोड़ती है। नदी के इस पार डुबका, खरकी, गाल्होवार के मुख्य सड़क को जोड़ती है। पंसस और ग्रामीण सरकार से जल्द से जल्द नाले में पुल की मांग की है।

## कुटुंब प्रबोधन में संयुक्त परिवार के महत्व पर प्रकाश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आरएसएस की इकाई कुटुंब प्रबोधन अपनी गतिविधियों के तहत स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभा कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम को तीन सत्र में बाटा। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के वरिष्ठ प्रचारक नंदलाल जोशी, कुटुंब प्रबोधन के विभाग प्रमुख वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला कार्यवाह दिलीप सिंह, प्रांत टोली सदस्य पूनम बरनवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग सिंह, विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र साहू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लगभग 3 घंटे तक चले इस कार्यक्रम के पहले सत्र में शामिल संघ परिवार से जुड़े सैकड़ो लोगों द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। दूसरे सत्र की शुरूआत में संघ के वरिष्ठ प्रचारक नंद बाबा ने अपने संबोधन में वर्तमान समय में टूटते बिखरते परिवारों के कारणों और उनके समाधानों को बताया। साथ ही संयुक्त परिवार की महत्व पर प्रकाश डाला। अपनी संस्कृति के अनुरूप हमारे परिवार यदि पले बढ़े तो वृद्ध आश्रम की आवश्यकता नहीं होगी। वही प्रांतीय टोली सदस्य प्रमिला बरनवाल ने भी अपने विचार व्यक्त की। मौके पर नगरसंघचालक रामावतार केसरी, डॉ आर दीपक, जिला व्यवस्था प्रमुख योगेंद्र प्रसाद, जिला बौद्धिक प्रमुख मनोज कुमार सिंह, बरही के अर्जुन साव, अजय कुमार शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय, अरविंद सिंह, गोपाल कुमार गुतुल, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार केटीपीएस, सिद्धि प्रसाद, संतोष कुमार, आलोक कुमार, अजय कृष्णा, देवेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में महिला व बच्चे मौजूद थे।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पंकरी बरवाडीह के ग्रामीणों द्वारा बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम से पंकरीबरवाडीह में महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थापित को लेकर आवेदन दिया गया। आवेदन कर्ता में मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य किशोर राणा, डीलर संघ के अध्यक्ष शिवनारायण साहू, दिनेश कुमार उर्फ दीपू साव, प्रेम साव, अशोक राम, कालीनाथ गुप्ता, कोमल साव के अलावे दर्जनों लोग शामिल हैं।

### हजारीबाग की टीम ने एक सप्ताह के भीतर की दूसरी बड़ी कार्रवाई

# 15 हजार घूस लेते कर्मचारी बिपिन कुमार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। 15 हजार रुपया घूस लेते हल्का कर्मचारी बिपिन कुमार चौबे को गिरफ्तार किया है। एसीबी हजारीबाग की टीम ने हंटरगंज प्रखंड के जोरी हल्का कर्मचारी कार्यालय से किया गिरफ्तार। गिरफ्तारी के बाद विपिन चौबे को अपने साथ हजारीबाग ले आयी। जोरी हल्का 11 में पदस्थापित था गिरफ्तार कर्मचारी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग की टीम को आवेदक लवकुश कुमार, पिता अर्जुन यादव, ग्राम पोस्तिया, पो-सलैया, थाना - विशिष्ठनगर जोरी, जिला- चतरा के द्वारा इस आशय का आवेदन दिया गया था कि इनकी मां के नाम से मौजा पोस्तिया, थाना नं - 297, खाता नं - 01, प्लॉट नं 635 और 907 में रकवा 20 डि0 और 13.5 डि0 कुल 33.5 डि० जमीन खरीदा गया था। उक्त जमीन का म्युटेशन के लिये बिपिन कुमार चौबे, पिता- विजय चौबे, ग्राम- बड़गांव, थाना- टंडवा, जिला चतरा, सम्प्रति राजस्व उप निरीक्षक, हंटरगंज प्रखण्ड, जिला- चतरा के द्वारा 30,000 रूपया रिश्वत का मांग किये थे। ये घूस देना नहीं चाहते थे, इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, भ्र0नि0 ब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिया। आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन प्रतिवेदन में 15000 रूपया रिश्वत मांगने की बात सत्य होना पाया गया। परिवादी के आवेदन और सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र0नि0 ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड सं0 - 11/2023 दर्ज किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग की ट्रैप टीम द्वारा प्राथमिकी अभियुक्त बिपिन कुमार चौबे, पिता- विजय चौबे, ग्राम- बड़गांव, थाना - टण्डवा, जिला - चतरा, सम्प्रति राजस्व उप निरीक्षक, हंटरगंज प्रखंड, जिला- चतरा को वादी लवकुश कुमार, पिता-अर्जुन यादव, ग्राम-पोस्तिया, पो-सलैया, थाना-विशिष्ठनगर जोरी, जिला-चतरा से 15000/- रिश्वत लेते हुए रंगे हांथ विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## ढिबरा लदा तीन वाहन समेत एक मोटरसाइकिल जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** जिले में अवैध करोबार पर अंकुश लगाने के अद्देश्य से कोडरमा पुलिस कों मिली गुप्त सूचना के बाद किये गये कार्यवाही में अवैध ढिबरा लदा तीन वाहन समेत एक मोटरसाइकिल कों जब्त किया गया है वहीं तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि सूचना मिली कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिबोर से कुछ लोगो के द्वारा अवैध ढिबरा का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। इसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के करीब 03.45 बजे रात्रि में चंद्रोडीह के पास ढिबरा (माईका) लोड तीन वाहन क्रमश बिना नंबर 709 वाहन हाफ डाला, बिना नंबर का 909 वाहन हाफ डाला व बिना नम्बर का 909 वाहन हाफ डाला और एक अपाची मोटरसाइकिल को विधिवत जप्त किया तथा जितेंद्र कुमार यादव उर्फ गुड्डु यादव पिता स्व भोला यादव, महेश यादव उर्फ गोलू (24 वर्ष, पिता स्व राधे यादव), दोनों सा बदडीहा, थाना व जिला कोडरमा और मनोज भुईयां (उम्र 40 वर्ष) पिता कामेश्वर भूईयां, सा लोकाई (भुईयाटोली) को गिरफ्तार किया गया है। इसमें सलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के सामने गलत तथ्यों को पेश कर रियायत मांगी : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हजारीबाग में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गलत तथ्यों को सामने रख कर इडी से रियायत मांगने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने 25 सितंबर को ही प्रेस कांफ्रेंस करके यह बता दिया था कि मुख्यमंत्री की याचिका में पांच डिफेक्ट हैं। भाजपा ने उसे समय भी प्रश्न किया था कि जब मुख्यमंत्री की टीम में कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी जैसे नामी वकील हैं, तो फिर यह डिफेक्ट कैसे छूट गये?

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को इडी के सामने 4 अक्टूबर को पेश होना था। 4 अक्टूबर को ही उनके वकील श्रेय मिश्रा ने इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को पत्र लिख कर कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा दायर याचिका के सारे डिफेक्ट को दूर कर लिया गया है और इस याचिका पर जल्दी सुनवाई होगी। लेकिन यह पूरे तरीके से गलतबयानी थी। शुक्रवार को याचिका को लिस्ट में भी डिफेक्ट कैटेगरी में रखा गया था और न्यायालय में भी डिफेक्ट को दूर करने की बात कही गयी। मुख्यमंत्री के वकील ने इडी से जिस आधार पर पेश नहीं होने की छूट मांगी थी, वह बिल्कुल गलत तथ्यों पर आधारित था। याचिका से आज तक डिफेक्ट दूर नहीं हुआ, जबकि 4 अक्टूबर को ही मुख्यमंत्री के वकील ने सारे डिफेक्ट को दूर करने का दावा कर पेशी से रियायत मांगी थी। प्रतुल ने कहा कि बार-बार गलत तथ्यों और गलत बयान का सहारा लेकर मुख्यमंत्री इडी के समन से भागते दिख रहे हैं। प्रेस वार्ता में हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, युवा मोर्चा के प्रदेश आइटी संयोजक राहुल शाहदेव उपस्थित थे।

## प्रेस की आजादी पर हमला के खिलाफ झंडा चौक पर प्रतिवाद मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता





**झुमरीतिलैया।** प्रेस की आजादी पर हमला और सिनियर जर्नलिस्ट व राजनेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ झुमरीतिलैया झंडा चौक पर शुक्रवार को सीटू, झारखंड राज्य किसान सभा, दलित शोषण मुक्ति मंच, ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क, ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बंद करो, न्यूज क्लिक पर किये गये मुकदमा वापस लो, गिरफ्तार पत्रकारों, राजनेताओं को रिहा करो, यूएपीए के तहत मुकदमा वापस लो, विपक्षी नेताओं पर सरकारी हमला बंद करो, तानाशाही मोदी सरकार मुर्दाबाद आदि केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब देश में आम जनता कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से जुझ रही है। वैसे समय में लोगों को इन बुनियादी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए सच दिखाने वाले न्यूज क्लिक से जुड़े अनेक पत्रकारों, लेखकों, कार्टूनिस्ट व वैज्ञानिक के घरों पर दिल्ली पुलिस की छापेमारी भारतीय लोकतंत्र को परेशान करने वाली खबर है। देश के जाने-माने सिनियर जर्नलिस्ट उर्मिलेश, अभिषार शर्मा, भाषा सिहं, सोहेल हाशमि और इरफान जैसे लेखक पत्रकार अपनी कलम और आवाज से सरकार से हमेशा सवाल करते रहते हैं। ऐसे में उनके घरों पर छापा और लैपटाप, मोबाइल फोन जब्त किया जाना और उन पर आतंकवाद से संबंधित यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करना तथा न्यूज क्लिक के प्रमोटर प्रवीर पुरकायस्थ और अनिंद्य चक्रवर्ती की गिरफ्तारी चिंता पैदा करने वाली है। विरोध प्रदर्शन में किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण यूनियन के नेता प्रेम प्रकाश, डीएसएमएम के राज्य सचिव दिनेश रविदास, ज्ञान विज्ञान समिति के जिलाध्यक्ष रामरतन अवध्या, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, किसान महासभा के तुलसी राणा, नागेश्वर दास, सुरेन्द्र राम, बाबुलाल साव, शम्भु पासवान, संजय दास, राहुल कुमार, रामचन्द्र राम, मुकेश रजक, मनोज वर्णवाल, हरेन्द्र राम, मुकेश साव, रविन्द्र भारती, मनोज वर्णवाल, राजु कुमार आदि शामिल थे।

## अधिकारियों ने कोडरमा मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण, मोबाइल सिम कार्ड बरामद

आजाद सिपाही सवांददाता



**कोडरमा।** मंडल कारा में शुक्रवार को भारी संख्या विभिन्न थाना के थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर व पुलिस बल की मौजूदगी में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, डीसी मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह, एसडीओ, नप के कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक प्रशासनिक टीम के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मंडल कारा के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण व छापेमारी किया। छापेमारी और निरीक्षण के बाद कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मंडल कारा में क्या-क्या कमियां है इसको लेकर विभाग को एक रिपोर्ट भेजना है जिसको लेकर पहले भी निरीक्षण किया गया था। आज के निरीक्षण के दौरान मंडल कारा के अंदर सिम कार्ड बरामद किया गया है जिसके संबंध में पुलिस जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी। बहरहाल जेल में मोबाइल सिम कार्ड मिलना इस बात को सिद्ध कर रही है कि जेल के अंदर से लोग दूसरे जगहों पर बात करते है।

## प्रमुख संघ ने जिला परिषद की बैठक का किया बहिष्कार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद की बैठक आज हजारीबाग जिला परिषद सभागार कक्ष में होना तय हुई थी। बैठक में प्रमुख को बुलाया गया तथा इससे पूर्व भी बैठक में बुलाया जाता रहा है। प्रखंड प्रमुख ने अपने अपने प्रखंड के कार्य क्षेत्र से जिला की बैठक में भाग लेने के लिए दिन भर समय देते हुए अपने निजी खर्च से बैठक में जाते रहे है लेकिन बैठक में प्रमुख की हस्ताक्षर तो ले लिया जाता है और ना ही उन्हें अपना समस्या रखने का अवसर दिया जाता है और ना प्रस्ताव पर विचार तक की जाती रही है। बैठक में प्रखंड प्रमुख के द्वारा अपने अपने प्रखंड के बारे में मौखिक व लिखित में शिकायत पर समाधान व विकास के कामों से संबंधित आवेदन देने के बावजूद जिला अधिकारी द्वारा किसी तरह की पहल तक नही होती रही है। इसलिए जिला परिषद की बैठक में जाने से प्रमुख ने इंकार कर दिया है। प्रखंड के अधिकारी व प्रखंड की समस्या व विकास की बात बैठक के माध्यम से संज्ञान देने के बावजूद भी किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा पहल तक नही होती रही है। प्रमुख संघ ने ये भी कहा है की अपने निजी खर्च से बैठक में जाने और जितना समय जिला के बैठक में देंगे उतना ही खर्च से वंचित परिवार और जरूरत मंद तक पहुंच कर समय देंगे तो वह गरीब के लिए महीसा सिद्ध हो सकते है। प्रमुख संघ ने ये भी कहा है की जिला परिषद की बैठक में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो हमे बोलने का प्रयाप्त अवसर मिले। हमारी शिकायत व सुझाव पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए क्रियान्वयन हो। पंचायती राज अधिनियम 2001 में उल्लेखित अधिकार, अधिकारी द्वारा पालन करवाया जाये। प्रेस विज्ञप्ति प्रमुख संघ हजारीबाग के जिला अध्यक्ष संतोष मंडल व महासचिव कुमारी बिनीता, कोषाध्यक्ष निरंजन प्रसाद, सदर प्रमुख बिना देवी समेत अन्य प्रमुख के सहमति पर जारी किया है।

## केरेडारी थाना में किया गया पौधरोपण



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी थाना प्रभारी नायल गॉडवीन केरकेट्टा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी एन जी केरकेट्टा व अन्य पुलिस कर्मियों के द्वारा फलदार पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात थाना प्रभारी एन जी केरकेट्टा ने कहा की हम सबों को पेड़ लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण व संतुलन बना रह सके। कहा की आज जिस गति से वनों की कटाई हो रही है वह अत्यंत चिंताजनक है।

## विश्व मुस्कान दिवस पर बीएम मेमोरियल स्कूल में किया गया पौधरोपण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में विश्व मुस्कान दिवस के मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाह के देखरेख में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा उर्फ पिंटू ने विद्यालय के सभी नॉन टीचिंग स्टाफो के साथ दर्जनों फलदार वृक्ष लगाये। मौके पर दिनकर कुशवाहा उर्फ पिंटू कहा कि अक्टूबर माह के पहले शुक्रवार के दिन विश्व मुस्कान दिवस हर साल अंतरराष्ट्रीय रूप से मनाया जाता है जो कि इस साल 6 अक्टूबर को है। इस मुस्कान दिवस को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है की मुस्कुराने और मूड को सुधारना है। यह मुस्कान दिवस सर्वप्रथम 1999 में मनाया गया था। आगे उन्होंने कहा कि इस मुस्कान दिवस के अवसर पर पौधरोपण इसलिए किया गया है कि हमारा वातावरण संतुलित रहेगा तभी हमारे घर परिवार के लोगों पर मुस्कान बनी रहेगी अन्यथा वातावरण प्रदूषण होने से हमारे परिवार वालों के बीमारी से गिर जायेंगे। और इसी को दूर करने के लिए हम सभी को अपने आसपास वृक्ष रोपण करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक संदीप कुशवाहा, गुरदयाल ठाकुर, शिधांत कुशवाहा, सनी कुमार, अर्जुन कुमार, बिनु महतो, हीरा कुमार, वसीम अंसारी, सुजीत कुमार, अमित पासवान, गौतम पांडिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में बीआरसी टाटीझरिया में आयोजित बुनियादी साक्षरता सुद्दढीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रथम सत्र शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 1 तथा 2 में पढ़ाने वाले 36 हिन्दी शिक्षक- शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों की जानकारी दी गयी। मास्टर ट्रेनर कुलदीप पासवन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन विषय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया। 'रूम टू रीड' से कुलदीप पासवन ने कहा कि एफएलएन किट का समुचित प्रयोग, शिक्षक संदर्शिका, नई किरण का व्यवहारिक उपयोग किया जाये ताकि बच्चे आसानी से पढ़ना- लिखना सीख जाये। प्रशिक्षक के रूप में कुलदीप पासवन, मुकेश साव, अनिल प्रकाश, रंजन भारती ने शिक्षकों को बताया कि इन घटकों पर प्रतिदिन व्यवस्थित कार्य करके निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा सभी 8 घटकों को प्रस्तुत करते हुए बच्चों को पढ़ाने के तरीकों पर अभ्यास किया गया।

## ट्रांसफॉर्मर का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** शिलाडीह के लेंबुवा गांव में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर का जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, सुनील कुमार पांडेय, युवा समाजसेवी सी के पांडेय, उपमुखिया सहदेव पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर हमसे संपर्क करें। हम सभी आपलोग के साथ हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा दुर्गापूजा तक सभी 11 हजार बिजली के जर्जर तार बदल दिया जायेगा। इस अवसर पर चंदन ठाकुर, अहमद, गोलू ठाकुर लाला ठाकुर, नेयाज, कारू ठाकुर, बंटी रवानी, बनवारी ठाकुर, डोमन ठाकुर, बबलू ठाकुर, कमल ठाकुर चंपा देवी, सुनील ठाकुर व लेंबुवा ग्राम के दर्जनों महिला पुरूष उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा बनेगी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में झारखंड के महान नायक बिरसा मुंडा का आदमकद प्रतिमा लगेगी। जिसके लिए भूमि पूजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैल प्रभा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी और अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने सयुक्त रूप से किया। शैल प्रभा ने कहा कि इस महान पुरुष के आदम कद के निर्माण से क्षेत्र का नाम तथा मान और ऊंचा होगा। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के पावन अवसर बहुत ही कम मिलता है, यह कार्य बहुत जल्द जन सहयोग से संपादित होगा। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, गंगाधर महतो, पूर्व मुखिया शिबू मांझी, बेड़ा हरियारा मुखिया रामचंद्र यादव, रोजगार सेवक सांझलू हांसदा, पसस बहराम हांसदा, प्रदीप कुमार महतो, धनीराम मरांडी, गणेशा हांसदा, ईश्वर मुर्मू, छोटू हंसदा, महादेव मुर्मू, मनोज बेसरा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# डायरिया से ग्रसित महिला की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत

## प्रतिमा की मौत के बाद परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, ग्रामीण भयभीत

**करीब एक सौ मकान वाले गांव में सभी घरों के 1-2 सदस्य डायरिया से ग्रसित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी कुसुमटोली गांव में आखिरकार डायरिया का भयावह रूप सामने आ गया। डायरिया से ग्रसित कुसुमटोली गांव निवासी 30 वर्षीय प्रतिमा उरांव की गुरुवार की देर शाम मौत हो गयी। इसके बाद परिजनों ने प्रतिमा के शव को सदर अस्पताल गुमला से उसके घर कुसुमटोली लाया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वे कभी स्वास्थ्य विभाग को कोसते हैं तो कभी मृतिका की तीन नन्हें बच्चों के बारे में सोचकर खूब रोने लगते हैं। इधर मृतिका के पति बसन्दर उरांव और सास बिरसमनी देवी ने बताया कि विगत बुधवार की रात प्रतिमा को एक दो बार दस्त हुआ और उल्टी भी करने लगी। इसके बाद वाहन बुक कर तुरंत ही सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया। और दूसरे दिन गुरुवार की रात प्रतिमा ने अपना दम तोड़ दिया।

**परिजनों ने सदर अस्पताल गुमला पर लगाया घोर लापरवाही का आरोप:** मृतिका के देवर नीरज उरांव ने सदर अस्पताल गुमला पर प्रतिमा के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। नीरज ने कहा बिगड़ती स्थिति को देखते हुए हमने बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गुमला में भाभी प्रतिमा को एडमिट करने का फैसला लिया। हम कई बार इलाज के लिए निवेदन करते रह गये लेकिन सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी का एक ही रटा रटाया जवाब मिला कि नंबर से ही डॉक्टर देखेंगे। और उनके नंबर के चक्कर में मेरी भाभी बेमौत मर गयी। मृतिका के देवर ने अस्पताल कर्मी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते स्वास्थ कर्मी अगर मरीज पर ध्यान दिए होते तो शायद मेरी भाभी जिंदा होती।

### तीन बच्चों को अपने पीछे छोड़ गयी प्रतिमा

प्रतिमा की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। और मृतका के तीन बच्चों के पालन पोषण और उनके भविष्य की चिंता सता रही है। बताते चलें की मृतिका के पति बसन्दर उरांव पलायन कर ईंट भट्ठे में कमा कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। और उसकी पत्नी प्रतिमा बच्चों को लेकर घर में रहती थी। ऐसे में पुत्री 6 वर्षीय वंदना, 3 वर्षीय अनुष्का और डेढ़ वर्षीय बालक नमन का पालन पोषण अब कैसे होगा इसे लेकर खूब चिंतित हैं परिवार जन।

**कुसुमटोली गांव भय में जीने को है मजबूर:** डायरिया से ग्रसित प्रतिमा की मौत के बाद कुसुम टोली गांव के ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। क्योंकि 100 घर वाले कुसुमटोली गांव में करीब-करीब सभी घरों के 1-2 सदस्य इस डायरिया बीमारी की चपेट में हैं। और प्रतिमा कि डायरिया से मौत की खबर सुनते ही लोगों में अपने और परिवारजनों के जीवन की संकट पर चिंता सताने लगी है। वे जल्द से जल्द स्वस्थ कर्मी की कैंप गांव में लगाने की मांग कर रहें हैं। ताकि ऐसी दिल दहलाने वाली घटना अन्य किसी के साथ ना हो।

**डायरिया की खबर पाकर जनप्रतिनिधि पहुंचे कुसुमटोली गांव:** कुसुमटोली गांव में डायरिया की खबर प्रकाश में आते ही घाघरा के जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण और मरीजों के स्वास्थ्य का हाल जानने शुक्रवार की सुबह कुसुमटोली गांव पहुंचे। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री कृष्णा लोहरा व प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडे के नेतृत्व में कई जनप्रतिनिधि ग्रामीणों से मिले और उनका हाल चाल जाना। साथ ही स्वास्थ विभाग के कार्य प्रणाली से संबंधित चर्चा की गयी और ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए जिला महा मंत्री कृष्णा लोहरा ने बेहतर इलाज की सुविधा व्यवस्था का विश्वास दिलाया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी, शिवा देवी, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अगस्टीन महेश कुजूर, दिलबहार, शहजाद खान सहित कुसुमटोली के ग्रामीण उपस्थित थे।

**भाजपायों ने डायरिया से मृत प्रतिमा के घर परिजनों से मिलने पहुंचे:** भाजपा के घाघरा व आदर मंडल के पदाधिकारी ने डायरिया से मृत्यु हुई महिला के परिजनों से शुक्रवार को मुलाकात किया। मुलाकात के क्रम में मृतिका प्रतिमा के तीन छोटे-छोटे बच्चों के लालन पोषण की चिंता परिजनों ने जाहिर की, जिसके बाद भाजपायों ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही कुसुमटोली गांव में जल्द ही मूलभूत सुविधाओं की पहल के लिए गुमला उपायुक्त से पत्राचार करने का विश्वास दिलाया। जिससे पेयजल की सुविधा और जहां तहां फैले गंदगी की अंबार को साफ सफाई किया जा सके। इस मौके पर घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, गोपाल गोप, पप्पू कुमार गुप्ता, तेम्बू उरांव, मंटू ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### अखबारों में छपने के बाद डॉक्टरो की टीम गांव पहुंची



**घाघरा। घाघरा प्रखंड के देवाकी कुसुमटोली में डायरिया फैलने की खबर अखबारों में छपने के बाद विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा डॉक्टरो का टीम लेकर महेंद्र भगत के नेतृत्व में गांव पहुंच गया। जहां स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों को जांच के साथ साथ दवाइयां दी गयी। महेंद्र भगत ने कहा अखबारों के माध्यम से पता चला कि गांव में डायरिया फैला है। जिसके बाद से डॉक्टरों की टीम लेकर गांव में कैंप किया गया है। जिससे कि यह भयावह बीमारी डायरिया से गांव जल्द निजात पा सके। साथ ही महेंद्र भगत ने कहा कि गांव में जागरूकता अभियान चला कर गांव के लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस क्रम में कई अहम जानकारियां दी गयी। इस मौके पर मुख्य डॉ. एमआर आचार्य, नर्स बिरसी देवी, राजेन्द्र लोहरा, प्रबीर पात्र, शीला खेस, बबिता, अंजली, सुशीला सहित कई लोग मौजूद थे।**

# कांग्रेस पार्टी के जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** भदौली पंचायत भवन सभागार में कांग्रेस पार्टी ने जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रभारी सह मुख्य अतिथि सिमडेगा विधायक भुषण बाड़ा उपस्थित होकर कार्यकर्त्ताओं की शिकायत व समस्या सुनी और उच्चाधिकारियों से से बात कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस के पुर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगा उरांव ने नेशनल हाईवे सड़क अधिग्रहण में मुआवजा भुगतान व सड़क निर्माण से किसानों के नुकसान, प्रखंड में बने राशन गोदाम में अनियमितता, माघी बालिका उच्च विद्यालय में जर्जर छात्रावास व खाली पड़े नये छात्रावास, पीडीएस दुकान में राशन कटौती सहित कई मुद्दों को उठाया गया। प्रदेश सचिव रौशन बारवा ने सिसई व बसिया में प्रशासन व नेताओं के संरक्षण में हो रहे लगातार अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए बसिया रोड़ की लंबे समय से जर्जर होने को लेकर संबंधित ठेकेदार,अफसर व नेताओं के लिए दुधारू गाय बनने की बात कही। वहीं उन्होंने संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यकताओं को आम जनता से जुड़ने व जनता के हित में काम करने की बात कही। जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने भी सिसई-बसिया सहित जिले में हो रही अवैध बालू व पत्थर कारोबार अविलंब रोक लगाने की मांग करते हुए गठबंधन के सिसई विधायक पर कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं पर उपेक्षा करने व सौतेले व्यवहार करने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायक के द्वारा अफसरों को कांग्रेसियों का कार्य नही करने का हिदायत दिया जाता है। जैसे सिसई विधानसभा में कांग्रेसी होना अभिशाप बन गया है। उन्होंने अपने कार्यकर्त्ताओं का दर्द बयां करते हुए कहा कि बारह से प्रत्याशी को लाकर थोपने की निति छोड़ अपने क्षेत्र के कार्यकर्त्ता को प्रत्याशी बनाने और बांझ क्या जाने प्रसूता का दर्द की बात कही। कांग्रेसी कार्यकर्त्ता गठबंधन से नाखुश हैं। चैतू उरांव ने कहा कि सिसई विधानसभा कांग्रेस की परंपरागत सीट रही है। यह कांग्रेसियों का गढ़ है। गठबंधन की मजबूरी से कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आम जनता का संपर्क कम हो गया है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से शहर छोड़कर गांव जाकर लोगों की समस्या सुनने औ लोगों की समस्या के साथ खड़े होकर ही हम एक सच्चे कांग्रेसी होने की बात कही। विधायक भुषण बाड़ा ने बैठक से ही दुरभाष पर डीसी को सिसई व बसिया से हो रही भारी मात्रा में अवैध बालू उठाव की जानकारी देते हुए इसे तत्काल रोक लगाने की मांग की। वहीं उन्होनें सिसई आईटीआई व बसिया पोलीटेक्निक को शुरू कराने और सड़क ठेकेदार द्वारा कब्जा किए कुम्हारी अस्पताल भवन को मुक्त कराने, सभी अंचल में जमीन आंनलाईन प्रक्रिया को दुरुस्त कराने की भी बात कही है। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव का तैयारी करने और गांव गांव जाकर राहुल गांधी व कांग्रेस की निति को आम जनता को बताने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बैबुल, आशिष अजित केरकेट्टा, अजीत, रामनिवास, खुदी, रविंद्र, बिहारी भगत सफीक, बनबिहारी, तरुण, साबीर, अभय, देवेंद्र, कैप्टन लोहरा, रजब करीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनरेगा की योजनाओं में है भारी गड़बड़ी, पर देखनेवाला कोई नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** मनरेगा सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार का एक अड्डा बनकर रह गया है नाम किसी और का और काम किसी और के जमीन पे इस तरह के मामले आमतौर पर देखा जा सकता है। ताजा मामला चैनपुर का है जहां 2018-19 में रीता देवी का कूप निर्माण की योजना पास हुआ था पर बिचौलिए और मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से कुएं का निर्माण किसी और की जमीन पर करा दिया गया और पूरा पैसा भी निकासी कर ली गयी इस बारे में रीता देवी को भी कोई जानकारी नही हुई इस तरह का मामला सिर्फ मुख्यालय में ही नही बल्कि चैनपुर प्रखंड के हर पंचायत में हो रहे है सोचने की बात यह है कि मुख्यालय में अगर बिचोलिये इतने हावी है और तो ग्रमीण क्षेत्र में क्या हो रहा होगा चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में बिचौलिए इतने हावी हो चुके हैं कि किसी की जमीन और किसी का जोब कार्ड इस्तेमाल कर मनरेगा में लूट मचा रहे हैं बिते कुछ दिनों पहले भी मनरेगा में काम को लेकर बिचौलियों के दो गुटों में जमकर तलवार बाजी हुई थी

### जांच में आयी हुई टीम को मनरेगा कर्मी करते हैं गुमराह

**ऐसा नही है कि वरीय पदाधिकारी यह जांच के लिए नहीं आते है वो चैनपुर तक आते तो है परंतु वो वही देखते है जो उन्हें दिखाया जाता है जहाँ काम सही तरीके से हुआ है उसी जगहों पर ले जाया जाता है। अगर जांच में आई हुई टीम मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की सही जांच करे तो भ्रष्टाचार की पोल खुलना तय है।**

# डीसी ने अंचल कार्यालय और कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण किया, दिये दिशा-निर्देश

**बच्चों से उनके रुचि व भविष्य को लेकर रोचक चर्चा की।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय व कस्तूरबा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय का कैश बुक, आगत-निगत पंजी के साथ शिक्षा, पीडीएस, आवास, पंचायती राज, मनरेगा सहित सभी विभागों का समीक्षा किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षक की भूमिका निभाई, साथ ही अध्ययन रत बच्चों को कक्षा में शामिल पाठ्य पुस्तक की जानकारी लेते हुए पढ़ाई के उद्देश्य व जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान भोजन व्यवस्था सही होने की बात बताते हुए भवन के छत से पानी टपकने, बैंच डेस्क की कमी, खिड़की टुटे होने, प्रोजेक्टर, आईसीटी लैब खराब होने से पढ़ाई में दिक्कत होने व अक्सर बिजली वायरिंग खराब रहने का शिकायत किया। जिस पर डीसी ने शिक्षा विभाग के बीपीओ दिलदार सिंह को इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। वहीं वार्डन मिनू को प्रत्येक माह छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कराने और गुणवत्ता पूर्ण व पौष्टिक भोजन देने का निर्देश दिया। विद्यालय के औचक निरीक्षण करने पंडरानी गांव पहुंचे डीसी को ग्रामीणों ने आवेदन देकर गांव में बने सौ बेड के अस्पताल को शुरू कराने की मांग किया है। ग्रामीणों ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय से सटे सौ बेड का अस्पताल बीते पांच वर्ष से बन कर तैयार है, किन्तु डॉक्टरों का पदस्थापन नहीं होने व सुविधाओं की कमी के कारण आस पास के दर्जनों गांवों के लोग व स्कूल के छात्राएं इसका लाभ उठाने से वंचित हैं।

# सिसई विधानसभा में स्टोन और अवैध बालू उत्खनन पर कार्रवाई की जायेगी : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के जन सुनवाई कार्यक्रम जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव के अध्यक्षता में विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी आमजनों की शिकायतें, सिसई प्रखंड के भदौली पंचायत भवन में जनसुनवाई का कार्यक्रम समपन गई जन-सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें प्रमुखता से ग्रामीणों द्वारा आवेदन देकर बसिया प्रखंड के ग्राम ससिया में मनरेगा के तहत ग्रामीणों के कुप निर्माण के नाम पर करोड़ों का पैसा पदाधिकारी और बिचौलियों के द्वारा निकासी कर योजना का पैसा का निकासी किया गया है, इसी प्रकार सिसई प्रखंड और जिला के सभी प्रखंडों में 15 वित्त आयोग पदाधिकारी के द्वारा गलत तरीके से भेणडरों का चयन किया गया हैजो लूट का पर्याप्त बना हुआ है। इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदन देकर निराकरण और संबंधित पदाधिकारी और बिचौलियों पर कार्रवाई करने की मांग की गयी है कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा, अधिकारी हो गये हैं बेलगाम, आवेदन पर भी नहीं सुनते हैं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी जनसुनवाई कार्यक्रम में काफी संख्या में आमजन अपनी शिकायत और समस्या लेकर पहुंचे। वहीं सिसई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अवैध बालू उत्खनन मामला आया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अफसर शाही हावी है। कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनते हैं। राज्य में सरकार अपनी है। पर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने तरजीह नहीं दिया है। जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने तालाब निर्माण, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, आवास, कूप निर्माण, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र वितरण आदि से संबंधित मामलों और इसके अलावे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, जमीन संबंधित मामले, पुल-पुलिया का निर्माण, इंदिरा आवास, मुआवजा वितरण जैसी समस्याओं को लेकर भी ग्रामीण पहुंचे थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर क्षेत्र की जनसमस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन के बारे में भी फीड़बैक लिया। साथ ही संगठन को बूथ स्तर में मजबूत करने का निर्देश दिया। विधायक भूषण बाड़ा जी पदाधिकारी के समस्याओं के निदान नहीं करने पर भड़क उठे उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में अफसर शाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि बेलगाम अधिकारियों की सूची दें, उनके उपर तुरंत करवाई की जायेगी।

### सरकार की लाभकारी योजनाओं को आम जनता तक कार्यकर्ता पहुंचायें: चैतु उरांव

**गुमला जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता सम्मान देने का काम किया है और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने। सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कैसे पहुंचे वह मेरी और संगठन के पदाधिकारी की जिम्मेवारी है। अभी तक जनहित से सभी जुड़ी समस्याओ को दूर करने को दिशा में कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता गंभीर है कांग्रेस पार्टी जनहित से जुड़ी समस्याओ को दूर करने को दिशा में गम्भीर है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। संगठन की मजबूती के लिए भी हम सभी काम कर रहे है जनसुनवाई कार्यक्रम का संचालन सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी ने किया इन सभी कांग्रेसी नेताओं ने संबोधन में क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया प्रदेश सचिव रोशन बरवा, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष लोहरा उरॉव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आजाद अंशारी, विचार प्रकोष्ठ जिलाअध्यक्ष खुदी भगत दुखी, जिला उपाध्यक्ष अजित, साबिर फरास, गुड़िया, रामनिवास प्रसाद, खालिद साह, फिरोज आलम, प्रखंड अध्यक्ष कामडारा अजित केरकेट्टा, आशिक नाथ शाहदेव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अभय चौधरी, गंगा उरांव, देवा साहू, बिहारी भगत, बेलास तिर्की, जगदेव नायक, मुन्तजिर खां, हाकिम खां, सहित सभी पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षगण कार्यकर्ता एवं आमजनता उपस्थित थे।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### थाना प्रभारी ने छात्रों को सामाजिक कुरीतियों के बारे में किया जागरूक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर सुरसांग थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने गिफ्ट ऑफ एजुकेशन योजना के तहत राजकीय उच्च विद्यालय सुरसांग में कक्षा नवी व दसवीं के विद्यार्थियों को परीक्षा मॉक टेस्ट के अलावा उनके पाठ्यक्रम से संबंधित विषयों को पढाया वही विद्यार्थियों को वर्तमान सामाजिक कुरीतियों के बारे में भी जागरूक किया। बताया कि समाज में डायन प्रथा, झाड़ फूक, अंधविश्वास, हत्या, यौन अपराध, नशाखोरी, साइबर अपराध, मानव तस्करी व अन्य सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम लगाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ये सभी चीजें देखने को मिलते हैं। जागरूकता के आभाव में लोग इन चीजों में संलिप्त हो जाते हैं। इन्हें दूर करने की आवश्यकता है।

### मिशन बदलाव ने सदर अस्पताल की समस्याओं को लेकर उपाधीक्षक से की मुलाकात, डीएस ने समाधान की कही बात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत और नगर सचिव विनय गोप के नेतृत्व में सदस्यों ने सदर अस्पताल का पिछले दिनों दौरा किया था दौरा के क्रम में मरीजों से मिलने पर मरीजों ने अपनी समस्या बताई थी। वही एक मरीज ने बताया कि जितने भी गंभीर मरीज आकस्मिक स्थिति में अस्पताल आते हैं तो यूरिन पाइप लगाने के नाम पर 200 से 300 रुपया लिया जाता है। मिशन बदलाव ट्विटर टीम ने मामले को उपायुक्त को ट्वीट करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। वहीं मरीजों ने मिशन बदलाव से बातचीत के क्रम में बताया की सदर अस्पताल में भोजन की गुणवत्ता भी सही नहीं है। पूरे भोजन में कभी दाल अच्छा नहीं दिया जाता है और दाल के साथ पानी जैसा दाल दिया जाता है। इलाज के दौरान मरीज का सबसे पहले ब्लड प्रेशर नापा जाता है वह मशीन भी खराब है। वही बताया कि एंबुलेंस की भी समस्या है समय पर मरीजों को एंबुलेंस नहीं मिल पाता है। इन सभी समस्याओं को मिशन बदलाव ने उपाधीक्षक से मिलकर दूर करने की बात कही। वही उपाधीक्षक ने मामले को क्रमबद्ध नोट किया और यथाशीघ्र समस्याओं को दूर करने की बात कही। उपाधीक्षक से मिलने वालों में जितेश मिंज, लखन, ज्योति वर्मा, ज्योति गुलेरिया, चंद्रकला टोप्पो,टोनी एंथनी एक्का, बिना उरांव उपस्थित थे।

### 11 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम संपन्न



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कोनबीर के विवाह मंडप भवन प्रांगण में अखिल भारतीय चीक बड़ाईक महासभा का 11 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष नंदलाल बड़ाईक ने सामाजिक झंडोतोलन किया। जिसके उपरांत बैठक में नंदलाल बड़ाईक ने चीक बड़ाईक महासभा के संगठन पर कहा की राष्ट्रीय स्तर पर दर्जा दिलाने और चीक बड़ाईक समाज के लोगो को उनके हक अधिकार के लक्ष्य की पूर्ति के साथ लोगो को एकजुटता लाने हेतु संगठन का निर्माण किया गया है। किसी भी मकसद को पूरा करने के लिए सामाजिक एक जुटता महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही 26 नवम्बर को उड़ीसा में हो रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड से भी पहुंचने की अपील किया। पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नाथ बड़ाईक एवम श्याम सुंदर बड़ाईक ने भी चीक बड़ाईक समाज के चीक जाति के जनजातीय उत्प्रतियो पर प्रकाश डाला। इस दौरान कोलेबिरा सिमडेगा रांची गुमला सहित पूरे प्रदेश के जाति प्रमाण पत्रों के निर्गत समस्या पर चर्चा किया गया। इस मौके पर चंद्रमोहन बड़ाईक रांची, महरु बड़ाईक, मनोज, अमृता, अनिता , सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्थानांतरण होने के बाद सीओ को दी विदाई




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यलय के सभागार में बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोंगों और अंचल कर्मियों द्वारा अंचलाधिकारी गौतम कुमार के स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। बीडीओ सिंह ने सीओ गौतम कुमार के चैनपुर के इतने दिनों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके व्यवहार कुशलता और कार्य कुशलता पर चर्चा करते हुए कहा कि सीओ साहब ने पूरे ईमानदारी से अपना दायित्व निभाया है। उन्होंने हमारे साथ रहते हुए चैनपुर में बेहतर काम किया है और उनका काफी सहयोग मिला है। इस अवसर पर जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण और सेवानिवृत्त एक अनिवार्य कड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं जिला परिषद के पद्य पर रहते हुए लोगों के भलाई कार्य के लिए उनका भरपूर सहयोग मिला। उनके यहां से स्थानांतरण होकर जाने का दुख सभी को है मगर नौकरी में आने-जाने का सिलसिला लगा रहता है। मौके पर थाना प्रभारी आसुतोष कुमार सिंग, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अंचल कर्मी और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने बचपन स्कूल में बच्चों को पठन पाठन सामग्री भेंट की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत 5 वे दिन बचपन स्कूल टुंदुरिया में स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मोके पर क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने स्कूली बच्चों को कहा मन लगाकर पढ़ाई करें। स्कूल सफलता की पहली सीढ़ी है। स्कूल नियमित आवें, होमवर्क बनाएं। अपने माता-पिता का आदर करें। शिक्षा वह पूंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता।

